| | |
|---|---|
| शक्ल पकड़ना | रूप,आकार ग्रहण करना। |
| शक्ल पहचानना | सूरत से पहचानना।चेहरा या सूरत देखकर शील स्वभाव जान लेना। |
| शक्ल बनाना | शक्ल बिगाड़ना।असुन्दर बन जाना। |
| शक्ल बिगाड़ना | चेहरे को असुन्दर कर लेना या कर देना।बहुत मारना, |
| 1693 · शग़ल करना | किसी,विशेषकर खाने-पीने,हुक्का पीने आदि कें, काम में लाना। |
| शनाख़्त करना | पहचानना। |
| शगूफा खिलना | कोई नई और विलक्षण घटना होना। |
| शगूफा खिलाना | कोई ऐसी नई और विलक्षण बात कर बैठना जिससे सब लोग चकित हो जाय। |
| शगूफा छोड़ना | नयी विलक्षण बात कहना। |
| शपथ खाना | कसम खाना।उ०- शपथ खाय बोले सदा। वृ० । |
| शफ़क फूलना | प्रातःकाल या सन्ध्या के समय आकाश में लालिमा फैलना।शफक का प्रकट होना। |
| शबनम का रोना | ओस का गिरना। |
| शबाब फट पड़ना | जवानी का जोर पर होना।पूरी तरह खिल उठना। |
| श शरबत पिलाना | विवाह के पूर्व या पश्चात् बरातियों को शरबत पिलाना (एक रस्म)। |
| शरबत के प्याले पर निकाह कर (पढ़ा) देना | बिना कुछ खर्च किये विवाह कर देना। |
| शरम घोकर पी जाना | निर्लज्ज हो जाना। |
| शरम रखना | इज्जत रखना।आदर रखना। |
| शरम रहना | प्रतिष्ठा रहना।आबरू रहना। |
| शरम से गड़ना | ~~मारे लज्जा के दबे या झुके जाना।~~बहुत लज्जित होना। |

| | |
|---|---|
| शर्त बद (बांध)कर (के) सोना | बहुत देर तक सोना। बहुत लम्बी नींद लेना। |
| शर्त बदना | बाजी लगाना। |
| शर्त बांधना | बाजी लगाना। |
| (किसी बात की)शर्त होना | किसी बात के लिए अनिवार्य,अत्यावश्यक होना। |
| शर्त यह है | इस शर्त पर। |
| शर्म आना | लाज लगना। |
| शर्म करना | लज्जित होना। लिहाज करना। |
| शर्म की बात | लज्जाजनक कार्य। |
| शर्म खाना | लज्जा अनुभव होना। |
| शर्म से गठरी हो जाना | (दुलहिन का)लाज के मारे सिकुड़कर गठरी सा बन जाना,जमीन मे गड़ जाना। |
| शर्मिंदगी उठाना | लज्जित होना। |
| शराब ढलना | मद्य पीया जाना। |
| शरीर छूटना | मृत्यु होना। मर जाना। |
| शरीर बरतना | शरीर छूटना। |
| शल हो जाना | थककर चूर हो जाना। (हाथ पांव का)हिलाने लायक न रहना। |
| शस्त बांधना | निशाना बेधने के लिए सीध या ताक लगाना। |
| शस्त लगाना | निशाना बेधने के लिए सीध या ताक लगाना। |
| शह करना | निरुत्तर कर देना। चुप कर देना। |
| शह झाड़ना | पक्षी का डैनों को फैलाकर जोर से हिलाना कि खराब और कमजोर पंख झड़ जाये। |
| (जबान मे)शहद घुलना | मिठास से भर जाना। |
| (कानों मे)शहद घोलना | अति मधुर,सुखद वचन बोलना। |

| | |
|---|---|
| शहद लगाकर अलग होना | उपद्रव का शुभारम्भ करके अलग हो जाना, दूर से तमाशा देखना, आग लगाकर दूर हो जाना, दूर से तमाशा देखना। |
| शहद लगाकर चाटना | निरर्थक चीज को यत्न से रखे रहना। |
| शहर की दाई | घर घर की खबर रखनेवाली स्त्री। |
| शाख़ निकलना | ऐब निकलना। झगड़ा निकलना। बखेड़ा निकलना। |
| शाख़ निकालना | दोष देना। कलंक लगाना। नुक्ता चीनी करना। झगड़ा खड़ा करना। टहनी निकालना। नयी बात पैदा करना। |
| शाख़ लगना | घमंड होना। इतराना। |
| शाख़ लगाना | कलम लगाना। टहनी लगाना। सिंगी लगाना। पद बढ़ाना। सम्मान करना। |
| शान घटना | इज्जत में कमी होना। बड़प्पन में कमी होना। |
| शान जाना | अप्रतिष्ठा होना। मान भंग होना। |
| शान मारी जाना | अप्रतिष्ठा होना। मान भंग होना। |
| शान में बट्टा लगना | इज्जत में कमी होना। बड़प्पन में कमी होना। |
| शाम का फूलना | सन्ध्या समय पश्चिमी क्षितिज पर ललाई प्रकट होना |
| शाम को सुबह करना | सारी रात जागकर बीताना, सबेरा कर देना। |
| शाम सुबह करना | टाल-मटोल करना। |
| शाम सुबह लगाना | टाल-मटोल करना। |
| शामत आना | बुरे दिन आना। दुर्दैव की प्रेरणा होना। |
| शामत का मारा | अभागा। दुर्दशाग्रस्त। |
| शामत की मार | दुर्भाग्य। |
| (किसी पर) शामत सवार होना | शामत आना। दुर्दशा का समय निकट आना। बुरे दिन आना। |
| शाया करना | प्रकाशित करना। |

शिकंजे में आना = पकड़ में आना। फंदे में फंसना।

| | |
|---|---|
| शिकंजे मै कसना | अत्यधिक शारीरिक कष्ट देना। घोर यंत्रणा पहुंचाना |
| शिकंजे मै खिंचवाना | घोर यंत्रणा दिलवाना। सांसत कराना। |
| शिकमी देना | जमींदार या मालिक से किराये, लगान आदि से पर ली हुई चीज अपनी ओर से किसी दूसरे को किराये, लगान आदि पर देना। |
| शिकम होकर खाना | पेट भरकर खाना। |
| शिकरा पालना | बोझ अपने सिर लेना। |
| शिकस्त खाना | पराजित होना। हारना। |
| शिकस्त देना | पराजित करना। हराना। |
| शिकायत करना | दुखड़ा रोना। बुराई करना। उलाहना देना। पीड़ा बताना। |
| शिकायत रफा करना | रोग दूर करना। मांदगी हटाना। |
| शिकार खाना | मारने के लिए कोई जानवर मिलना। किसी ऐसे आदमी का मिलना जिससे कुछ लाभ हो। |
| शिकार करना | आखेट करना। किसी से खूब लाभ उठाना। लूटना। फंदे मे फंसाना। मुट्ठी मे करना। |
| शिकार खेलना | आखेट करना। |
| (किसी का) शिकार होना | फंदे मे फंसना। किसी रोग, दुर्घटना आदि से मरना या पीड़ित होना। किसी के रोषादि की बलि होना। |
| शिकारी ब्याह | गांधर्व विवाह जो पात्रियों मे अब तक कहीं कहीं होता है। |
| शिगाफ़ देना | कलम को चीरना। चीरा लगाना। नश्तर लगाना। |
| शिगाफ़ लगाना | कलम को चीरना। चीरा लगाना। नश्तर लगाना। |
| शिगूफ़ा खिलाना | कोई अनहोनी बात करना। झगड़ा उठाना। |
| शिगूफ़ा छोड़ना | झगड़ा-फसाद करानेवाली बात कहना, करना। |

| | |
|---|---|
| शिरोधार्य करना | सिर पर धारण करना। सिर माथे चढ़ाना। आदर-पूर्वक स्वीकार करना। आदर के साथ मानना। |
| शीन काफ़ दुरुस्त न होना | उच्चारण शुद्ध, अस्खलित न होना। |
| शीन के शटक्के | ` श ` का शुद्ध उच्चारण न कर सकना। |
| शीर हो जाना | घुल-मिल जाना। अतिशय स्नेह होना। |
| शीराज़ा खुलना | टांका टूटना। सिलाई खुल जाना। प्रबन्ध बिगड़ जाना। |
| शीराज़ा टूटना | टांका टूटना। सिलाई खुल जाना। प्रबन्ध बिगड़ जाना। |
| शीराज़ा बंधना | किताब के जुजों की सिलाई होना। बिखरी हुई चीजों का इकट्ठा श्रृंखलित किया जाना। |
| शीराज़ा बिखरना | विश्रृंखलित हो जाना। बिगड़ जाना। |
| शील तोड़ना | मुरौवत न रखना। |
| (आंखों में) शील न होना | बेमुरौवत होना। क्रूरता का व्यवहार करना। |
| शील निभाना | सत्स्वभाव को न छोड़ना। |
| शील मर जाना | संकोच, सद्भाव, सद्वृत्ति आदि का किसी व्यक्ति से निकल जाना। दुर्वृत्त होना। बेमुरौवत होना। |
| शील रखना | सद्व्यवहार रखना, करना। |
| शेखी झड़ना | गर्व चूर्ण होना। मान ध्वस्त होना। ऐसा दण्ड पाना या हानि सहना कि अभिमान दूर हो जाय। |
| शीश महल का कुत्ता | पागल कुत्तों की तरह बकने या उछलने कूदनेवाला। |
| शीशा बाशा | बहुत नाज़ुक चीज। |
| शीशी सुंघाना | = दवा सुंघाकर बेहोश करना। |
| शीशे में उतारना | भूत छुड़ाना। प्रेत बाधा शान्त करना। वश में करना। मोहित करना। |
| शुक्र करना | (खुदा का) एहसान मानना। भगवान के किये पर सन्तुष्ट, प्रसन्न रहना। |
| शुक्र बजा लाना | कृतज्ञता प्रकट करना। |

शुक्र है — भगवान का परम अनुग्रह है।

शुमार में न रहना — संख्यातीत होना। बिल्कुल मामुली होना।

शुमार में न लाना — कुछ न समझना। नितान्त उपेक्षणीय मानना।

शुमार में न होना — संख्यातीत होना। बिल्कुल मामुली होना।

शूल उठना — शूल चुभाने की सी पीड़ा का होना।

शूल देना — तीव्र व्यथा उत्पन्न करना।

शेखी किरकिरी होना — घमंड चूर होना। लज्जित होना।

शेखी झड़ना — गर्व चूर्ण होना। मान ध्वस्त होना। ऐसा दण्ड पाना या हानि सहना कि अभिमान दूर हो जाय।

शेखी निकालना — गर्व चूर्ण होना। मान ध्वस्त होना। ऐसा दण्ड पाना या हानि सहना कि अभिमान दूर हो जाय।

शेखी बघारना — बढ़ बढ़कर बातें करना। अभिमान से भरी बातें बोलना। डींग मारना। अपने मुंह अपनी बड़ाई करना।

शेखी हांकना — बढ़ बढ़कर बातें करना। अभिमान से भरी बातें बोलना। डींग मारना। अ

शेर करना — बत्ती बढ़ाकर रोशनी तेज करना। हौसला बढ़ा देना। निडर कर देना।

शेर का मुंह फुलसना — शेर को मारने के बाद उसकी मूंछों को जला देना।

शेर की नज़र घूरना — कोप भरी दृष्टि से देखना।

शेर की बोली बोलना — कै करना।

शेर के मुंह में जाना — जान-जोखिमवाले स्थान में जाना।

शेर के मुंह से शिकार लेना — जबरदस्त से कोई चीज छीन लेना।

शेर बकरी का एक घाट पानी पीना — शुद्ध न्याय का राज्य होना। छोटे-बड़े सबके साथ एक सा व्यवहार होना।

श

| | |
|---|---|
| शेर होना | हौसला बढ़ना। निर्भय या धृष्ट होना। डर या दबाव मे न रहना। स्वेच्छाचारी और उद्दंड होना। उ०-कसन गुफ़्ता शेर हमचूं सीन ऐनो,दाल,ये। ब सादी । |
| शैतान उठाना | झगड़ा खड़ा करना। उपद्रव मचाना। |
| शैतान उतरना | क्रोध शांत होना। बुराई या उपद्रव की प्रवृत्ति या हठ का दूर होना। |
| शैतान की आंत | बहुत लम्बी वस्तु। |
| शैतान के कान काटना | शैतानी मे शैतान से बढ़ जाना। |
| शैतान (सिर पर)चढ़ना | गुस्सा चढ़ना। शरारत,बुराई पर आमादा होना। |
| शैतान सवार होना | गुस्सा चढ़ना। शरारत,बुराई पर आमादा होना। |
| शोरे मे झलना | पानी की सुराही को नमक और शोरा मिले हुए पानी मे रखकर ठंडा करना। |
| शोशा छोड़ना | अनोखी या झगड़ा खड़ा करनेवाली बात कहना। |
| शौक़ करना | भोग करना। |
| शौक़ चर्राना | मन मे प्रबल कामना होना। इच्छा का तीव्र होना। |
| शौक़ पूरा करना | किसी बात की प्रबल इच्छा की पूर्ति करना। |
| शौक़ फरमाना | किसी वस्तु या पदार्थ का भोग करना। |
| शौक़ से | प्रसन्नतापूर्वक। आनन्द से। रुचिपूर्वक। नि:संकोच। |
| श्रम पाना | परिश्रम करना। मेहनत करके थकना। उ०- आजु कहा उद्यम करि आए। कहै वृथा भ्रमि भ्रमि श्रम पाए। सूर। |
| श्रम साधना | कठिन परिश्रम करना। अभ्यास करना। उ०- मुक्त हेत जोगी श्रम साधै असुर विरोधै पावैं। सूर । |
| श्वास खींचना | सांस रोके रहना। |
| श्वास चढ़ाना | सांस रोके रहना। |
| श्वास छूटना | मृत्यु होना। |
| श्वास रहते | प्राण रहते। जीते जी। |